Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Ltd.

(A Govt. of Bihar Undertaking)

Regional Office Purnea, GMCH Purnea Campus, Line Bazar, Purnea-854301

Email Id:-bmsicl.infrapurnea@gmail.com, website: www.bmsicl.gov.in

पत्रांकः—BMSIC/PUR-Div/ दिनांकः—

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक (परि०),
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

सेवा में,

Buddha Infrastructure Pvt. Ltd,
Road No-1, Saket Puri,
Near Raj Ice Factory, Kankarbagh, Pin-800001
Patna.

विषयः—किशनगंज जिलान्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खनियाबाद, प्रखंड—टेढ़ागाछ, जिला—किशनगंज का कार्य पूर्ण नहीं करने पर संवेदक को डिबार किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः—इस कार्यालय का पत्रांक—381 दिनांक—22.05.2023 पत्रांक—444 दिनांक—17.06.2023 एवं पत्रांक—757 दिनांक—12.12.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि विषयांकित योजना का कार्यादेश दिनांक—25.02.2020 को निर्गत किया गया एवं इस कार्य हेतु दिनांक—29.09.2022 को भूखंड उपलब्ध करा दिया गया है। कार्यादेश के कंडिका 07 के अनुसार भूखंड उपलब्धता की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह, अर्थात 28.06.2023 तक थी, परंतु 19 माह की अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी कार्य लगभग 35% ही पूर्ण किया गया है। प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी अभिरूची एवं संसाधनों की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है। विदित हो कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रसांगिक पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से अनेंको बार आपको निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है, जो कार्य के प्रति आपकी लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है।

विदित हो कि इस कार्यालय के पत्रांक—381 दिनांक—22.05.2023, पत्रांक—444 दिनांक—17.06.2023 एवं पत्रांक—757 दिनांक—12.12.2023 के माध्यम से विषयांकित परियोजना का कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने के संबंध में आपसे स्पष्टीकरण की माँग की गयी थी, जिसके आलोक में आपके स्तर से विलंब से कार्य करने हेतु कोई जवाब उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः एकरारनामा की कंडिका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खनियाबाद, प्रखंड—टेढ़ागाछ, जिला—किशनगंज भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित राशि को जब्त करते हुए नियमानुसार अन्य कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन

ह०/—

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSLY PUR-DIV/ दिनांक—

प्रतिलिपिः—प्रबंधक (परि०), किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि संबंधित संवेदक से संपर्क कर विषयांकित योजना जल्द से जल्द प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

ह०/—

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSICL/PUR-DIV/ दिनांक–

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSICL/PUR-DIV/ दिनांक–

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना/अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि०, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSICL/PUR-DIV/ दिनांक–

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–

उप महाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः– BMSICL/PUR-DIV/1031 दिनांक– 06/05/2024

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंध (सिस्टम), BMSICL, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

6/5/24

उप महाप्रबंधक (परि०)